पूर्व मध्य रेल
EAST CENTRAL RAILWAY

कार्यालय
महाप्रबंधक/कार्मिक
हाजीपुर

सं0 ईसीआर/IR&W/WWO/Welfare/Part-II

दिनांक 17.05.2016

सभी विभागाध्यक्ष
पूर्व मध्य रेल,
हाजीपुर

विषय : पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन हाजीपुर द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को शैक्षणिक सहायता प्रदान करने के संबंध में।

संदर्भ : पूमरे महिला कल्याण संगठन/हाजीपुर का पत्रांक ईसीआर/एचआरडी/डब्लूडब्लूओ/ईए दिनांक 11.05.2016

****

पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन हाजीपुर के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा मुख्यालय में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के मेधावी बच्चों को वर्ष 2016 हेतु शैक्षणिक सहायता प्रदान करने हेतु अभिभावकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

कृपया संदर्भित पत्र में दर्शाये गये निर्देशानुसार संलग्न प्रारूप में अपना आवेदन विभागीय अधिकारी से अग्रसारित कराने के पश्चात दिनांक 15.07.2016 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्राप्त आवेदनों को पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन हाजीपुर को भेजा जा सके।

संलग्नक : यथोक्त।

17/5

(सूर्यनारायण)
वकाधि/औ.सं0 एवं कल्याण
कृते महाप्रबंधक/कार्मिक/हाजीपुर

प्रतिलिपि : सचिव/पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन हाजीपुर को उनके संदर्भित पत्र के आलोक में सादर सूचनार्थ।

कृपया संलग्नकों सहित पत्र को पूमरे के वेबसाईट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें।

कृते महाप्रबंधक/कार्मिक/हाजीपुर

A/M.P.P
17/5

18/5/16

पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन

'गंगा दर्शन', महेन्द्रूघाट,
पटना–800004

सं0 ईसीआर / एचआरडी / डब्लूडब्लूओ / ईए दिनांक : 11 5 .2016

मुख्य कार्मिक अधिकारी
पूर्व मध्य रेल,
हाजीपुर ।

विषय : पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन हाजीपुर द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को शैक्षणिक सहायता प्रदान करने के सम्बन्ध में

पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन हाजीपुर द्वारा मुख्यालय में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के मेधावी बच्चों को शैक्षणिक सहायता प्रदान करने हेतु निम्न अर्हता प्राप्त मेधावी बच्चों के अभिभावकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

वर्ष 2016, शैक्षणिक वर्ष 2015–16 में दसवीं, बारहवीं की परीक्षा तथा तकनीकी शिक्षा जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग पशु चिकित्सा, कृषि, प्रबन्धन, सीए, एमसीए, या इसके समकक्ष पढ़ाई में उतीर्ण अथवा अध्ययनरत छात्रों / छात्राओं के अभिभावक शैक्षणिक सहायता के लिए आवेदन निम्नलिखित शर्तों के पूरा करने पर कर सकते है .

1. सत्र 2015–16 की परीक्षा जो कि 2016 में संपन्न हुई है में तृतीय श्रेणी के कर्मचारियो के बच्चों के लिए न्यूनतम अंक 80 प्रतिशत या उससे अधिक प्राप्त हो।
2. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम अंक 60 प्रतिशत या उससे अधिक प्राप्त हो।
3. जो बच्चे सेमेस्टर टाईप कोर्स के तहत परीक्षा देते हैं उनके लिए पिछले दो सेमेस्टर का औसत अंक निकालकर ही उपरोक्त प्रतिशत मान्य होगा। सिर्फ एक सेमेस्टर के अंक के आधार पर आवेदन मान्य नहीं होगा।
4. वर्ष 2016 में सम्पन्न परीक्षा के अलावा, पिछले वर्षों की परीक्षा के अंकपत्रों के आधर पर शैक्षणिक सहायता का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

संलग्न प्रारूप के अनुसार आवेदन पत्र अपने विभागीय अधिकारी से अग्रसारित कराकर **दिनांक 29.07.2016 तक कल्याण अनुभाग / कार्मिक, हाजीपुर में जमा कर दें।** आवेदन के साथ–साथ अंक पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा जरूरत पड़ने पर अंक पत्रों की मूल प्रति भी मिलान हेतु मांगी जा सकती है। कृपया इसकी व्यापक प्रचार की जाय, खासकर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के बीच में ताकि अधिक से अधिक कर्मचारी लाभान्वित हो सकें।

OS/RSW
कल्या. नि.
कृ. सूचित करें
17/5

सचिव
पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन
हाजीपुर

P-299

आवेदन पत्र का प्रारूप

कर्मचारी का नाम :

पदनाम :

विभाग :

कार्यस्थल :

वेतन एवं वेतनमान :

छात्र/छात्रा का नाम :

कर्मचारी के साथ संबंध :

उत्तीर्ण कक्षा का नाम	वर्ष	संस्था/ विद्यालय का नाम	कुल अंक	प्राप्तांक	प्रतिशत

नोट:- आवेदन पत्र के साथ अंक पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें।

कर्मचारी का हस्ताक्षर

विभागीय अधिकारी द्वारा अग्रसारित
मुहर सहित